जब से दाता मैंने तेरा नाम लिया है

जब से दाता मैंने तेरा नाम लिया है,
धीरे धीरे मेरा हर काम हुआ है.....

जिन्दगी में मैंने बड़े दुःख उठाये है,
अब आप की शरण में प्रभु हम आये है,
मिट गयी तकलीफ अब आराम हुआ है,
धीरे धीरे मेरा हर काम हुआ है......

तेरे बिना दाता मेरा कोई नहीं है,
तेरे दर बिना अब कोई ठौर नहीं है,
मेरी हर खुशी का इंतजाम हुआ है,
धीरे धीरे मेरा हर काम हुआ है.....

कौन करे प्रभु कोई किसी के लिए,
जितना तूने कर दिया मेरे लिए,
मिट गई तकलीफ अब आराम हुआ है,
धीरे धीरे मेरा हर काम हुआ है......

यह तो सच्चा सौदा है मेरे श्याम का,
सारे जग से ऊंचा दर मेरे श्याम का,
मैंने भी तो श्याम तेरा नाम लिया है,
धीरे धीरे मेरा हर काम हुआ है.......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/32102/title/jab-se-data-maine-tera-naam-liya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |